दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 30-08-2026

# उच्च शिक्षा आयुक्त ने नर्मदा कॉलेज का निरीक्षण किया



नर्मदापुरम| जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा ने नर्मदापुरम के नर्मदा कॉलेज का निरीक्षण किया। वह दोपहर 2.30 बजे कॉलेज पहुंचे। उन्होंने परिसर की छात्र सुविधाओं और हॉस्टल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त निदेशक मथुरा प्रसाद भी मौजूद रहे। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य संजय चौधरी ने परिसर का भ्रमण कराया। निरीक्षण में आयुक्त ने मरम्मत योग्य भवनों की मरम्मत जल्द कराने के निर्देश दिए। खेल मैदान की साफ-सफाई कर उसे खेलने योग्य बनाने को कहा। उन्होंने ऐसे पेड़ों की छंटनी कराने के निर्देश भी दिए, जिनसे भवनों को नुकसान की आशंका है। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। निरीक्षण के बाद आयुक्त शाम 4 बजे लौट गए।






प्रधानमत्री
ऑफ एक्सीलेस




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

